विद्युत विभाग की कार्यवाही

मौके पर हीटर जप्त, प्रतिष्ठानों एवं घरेलू उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की गहन जांच की

दर्जन भर घरों में चोरी की बिजली से बन रहा था खाना

नवभारत,दमोहा विद्युत विभाग द्वारा दमोह शहर अंतर्गत आने वाले फुटेरा वार्ड मागंज वार्ड धगट चौराहा आदि स्थानों पर बिजली चोरी रोकने के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया गया.कार्यपालन अभियंता एम.एल. साहू के निर्देशन में सहायक अभियंता राघवेन्द्र इडिपाचे द्वारा कनिष्ठ अभियंता कु. शिवानी गुप्ता के नेतृत्व में टीम तैयार कर दमोह में अभियान चलाकर विभागीय टीमों ने विभिन्न मोहल्लों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं घरेलू उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की गहन जांच की.

जांच में कई स्थानों पर अवैध कनेक्शन, मीटर से छेड़छाड़ तथा सीधी लाइन डालकर बिजली चोरी किए जाने के मामले सामने आए. साथ ही कई घरों में हीटर के माध्यम से खाना पकाया जा रहा था विधुत विभाग की टीम द्वारा मौके से एक दर्जन से अधिक घरों में चोरी की बिजली से चलने वाले हीटरों को जप्त करते हुए पंचनामा बनाकर प्रकरण तैयार किया गया.इस दौरान कई उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों से हीटरों को हटाने में लग गये. ऐसे स्थानों से दर्जन भर हीटर जप्त करते हुए ऐसे उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई कर मौके पर ही विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए तथा नियमानुसार प्रकरण दर्ज किए गए.कनिष्ठ अभियंता कु शिवानी गुप्ता द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि ठंड बढने से इन सभी स्थानों से अनावश्यक लोड बढ़ने , केबिल जलने, डी.ओ. गिरने आदि की शिकायतों में एकाएक वृद्धि होने से कार्यपालन अभियंता के निर्देशन में विशेष टीम तैयार कर चैकिंग कराई गई.

चैकिंग

हकीकत जानने के लिये जब मौके पर जाकर मुआयना किया गया तो बिजली चोरी सामने आई. जिन घरों में बिजली चोरी पाई गई वहां विधुत चोरी की धारा 135 के तहत प्रकरण बनाकर जप्ती की कार्यवाही की गई. इस प्रकार की चैकिंग कार्यवाही सतत् जारी रहेगी.चेकिंग के दौरान कनिष्ठ अभियंता कु. शिवानी गुप्ता, लाइनमेन गुरूदीप सिंह मनीष दुबे के अलावा आऊटसोर्स कर्मचारी आदि मौजूद रहे.

फिल्म निर्माण से बुंदेलखंड में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

- मध्य प्रदेश एक फिल्म हब बनेगा
- 7 से 11 जनवरी तक होगा बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल व फिल्म पर्यटन समागम

नवभारत,दमोह. मध्यप्रदेश शासन की फिल्म पर्यटन नीति-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र की कला, लोक संस्कृति, भाषा व सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने की दिशा में बुन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल व फिल्म पर्यटन समागम एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल है. इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शुक्रवार को मीडिया जनों के समक्ष व्यक्त किये.

इस अवसर पर राज्यमंत्री द्वय और अतिथियों ने बुंन्देलखण्ड फिल्म फेस्टिवल व फिल्म पर्यटन समागम पोस्टर का विमोचन किया. कार्यक्रम में पशुपालन व डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटैल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, प्रोफेसर रश्मि जेता, सत्येन्द्र सिंह लोधी, एसडीएम आरएल बागरी, राजीव अयाची मंचासीन थे. राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा यह आयोजन बुन्देलखण्ड कला संस्कृति मंच समिति छतरपुर एवं फिल्म पर्यटन संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित किया गया है, जिसका उद्देश्य फिल्म निर्माण, पर्यटन और स्थानीय सांस्कृतिक प्रतिभाओं के बीच सशक्त समन्वय स्थापित करना है.उन्होंने कहा दमोह एवं आसपास के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में उपलब्ध ऐतिहासिक धरोहरों, प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक स्थलों व ग्रामीण लोक संस्कृति को फिल्म निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान के रूप में विकसित करना जिससे स्थानीय और बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को समुचित स्थान प्राप्त हो यह इस आयोजन का लक्ष्य है.राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा इस समागम के अंतर्गत बॉलीवुड के अनुभवी लाइन प्रोड्यूसर्स, फिल्म निर्माता, निर्देशक, ओटीटी प्लेटफॉर्म प्रतिनिधि एवं मीडिया पार्टनर्स की सहभागिता से बुन्देलखण्ड को फिल्म निर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी. स्थानीय बुन्देली भाषा की फिल्मों, शॉर्ट फिल्मों, वेब सीरीज, वृत्तचित्र, लोकसंगीत एवं डिजिटल कंटेंट से जुड़े कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान एवं अवसर प्राप्त होंगे.

बुजुर्ग की मौत, ठंड लगने का अंदेशा

नवभारत, तेंदूखेड़ा/दमोह. वर्तमान में क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है,बुधवार से ठंड का अत्याधिक अनुभव ज्यादा हुआ और इसी के चलते एक बुजुर्ग की मौत होन का अंदेशा लोगों द्वारा लगाया जा रहा है.चूंकि पूर्व में ग्राम नरगुवा में रहने वाले उत्तम लोधी जो नरगुवा के पटेल थे. पर मजबूरी के चलते अपनी कई एकड़ जमीन बेचकर पंचायत के खाकरिया ग्राम रहने लगे थे. वह 7 किलोमीटर दूर से हर दिन तेंदूखेड़ा आते थे और शाम को किसी वाहन या पैदल चले जाते थे. पर बुधवार को घर नहीं पहुंचे और रस्ते में जनपद के आगे पुरानी पत्ती के गोदाम के पास मौत हो गई

. सुबह घूमने जाने वालों ने देख शव गुरुवार की सुबह घूमने वालों ने शव देखकर डायल 112 को सूचना दी. साथ ही पहचान वालों ने ग्राम के परिचितों को फेन पर जानकारी दी. जिस पर उत्तम लोधी का लड़का और ग्रामीणसमुदायक स्वास्थ्केंद्र पहुँचे. जहां शव उत्तम का पोस्टमार्डम के लिए डॉयल 112 लेकर आई थी.जानकारी लगते ही संवाददाता सामुदायिक केंद्र पहुंचे और घटना की.जानकारी उत्तम के पुत्र से ली. तो चंदन लोधी ने बताया कि पिता रोज तेंदूखेड़ा घूमने जाते थे.गुरुवार को घर नहीं पहुंचे और सुबह उनका शव मिला नहीं पहने थे, गर्म कपड़े उत्तम पटेल सिर्फ कुर्ता पजामा पहने थे और सिर में गमछा बांधे थे.इसी से लोग ठंड से मौत होने का अंदेशा जाता रहे है. वास्तविकता जानकारी पोस्टमॉर्डम रिपोर्ट के बाद सामने आएगी सात बजें निकले थे. जानकारी लेने पर उनके परिचितों ने बताया कि उत्तम लोधी करीब सात बजे कोई साधन न मिलने से पैदल ही खाकरिया ग्राम घर वापिस जाने निकले थे.सुबह उनका शव रस्ते में पेड़ के नीचे मिला.एक पुत्र नर्मदयात्रा पर गया है. जानकारी लेने पर पता चला की उत्तम का एक लड़का करीब सात माह पहले नर्मदा परिक्रमा करने गया है.उत्तम पटेल लोधी एक मिलनसार व्यक्ति थे.उनकी मौत पर नरगुआ खाकरिया सहित तेंदूखेड़ा में उनके परिचितों में शोक व्याप्त हो।

बेसहारा लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से दिलाई राहत

नवभारत,दमोह। कड़ाके की ठंड को देखते हुए मानव सेवा के उद्देश्य से टीम उम्मीद द्वारा देर रात लगभग 11 बजे शहर में विशेष राहत अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने निराश्रित,बेसहारा व खुले आसमान के नीचे सड़क के बीच डिवाइडरों तथा फुटपाथों पर सो रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई।इसी को ध्यान में रखते हुए यह छोटा सा मानवीय प्रयास किया गया, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण असहाय न महसूस करे।

एसपी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

नाइट गस्त वाले वाहनों में भी रखवाए कंबल

नवभारत,दमोह. एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी के द्वारा शुक्रवार की रात रेलवे स्टेशन पहुंचकर जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए कंबल का वितरण किया. इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों की भी मौजूदगी रही. कंबल लेने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की लाइन लग गई.जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने सभी को लाइन में बैठाला और एसपी ने कंबल का वितरण किया. एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि इस समय ठंड बहुत तेज हो रही है और रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में ऐसे जरूरतमंद लोग मिल जाते हैं जिनको कंबल की जरूरत होती है.

इसलिए हमने यहां पर जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया है.साथ ही नाईट गश्त करने वाले पुलिस अधिकारियों के वाहनों में भी कंबलों को रखवाया गया है. उन्हें निर्देशित किया गया है कि रात में जो भी इस तरह से जरूरतमंद लोग मिले उन्हें यह कंबल दे दिए जाएं ताकि ठंड से उनका बचाव हो सके. एसपी के द्वारा 100 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया. उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में उनका यह एक छोटा सा प्रयास आगे भी जारी रहेगा. इस दौरान एडिशनल एसपी सुजीत सिंह, सीएसपी एचआर पांडे के साथ कोतवाली टीआई मनीष कुमार की मौजूदगी रही. सभी पुलिसकर्मियों ने एसपी के साथ कंबलों का वितरण किया.शुक्रवार को ठंड काफी तेज रही सुबह से आसमान में बदल छाने के साथ ठंडी हवाओं का दौर भी चलता रहा.जिससे पूरे दिन लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा. शुक्रवार को न्यूनतम तापमान भी 9.8 डिग्री दर्ज किया गया. ठंड को देखते हुए ही एसपी के द्वारा कंबलों का वितरण किया गया है.

हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स के मौके पर प्रोग्राम

नवभारत, दमोह. हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नबाज र.अ. के 814 वां उर्स के मुक़दस मौके पर स्थानीय नूरी फ़रीदी खानकाह शरीफमे पीरो मुर्शिद हाजी हजरत कमालुददीन खान साहब सल्लाह तआला(हाजी कमाल मियां) की जेरे सरपरस्ती में बृहस्पतिवार की मध्य रात्री तक यादगार नाते पाक व तकरीरी प्रोग्राम का आयोजन किया गया.इस मौके पर सरकारे मदीना हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैय बसल्लम व हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज की सीरते- पाक व सूरते-पाक पर मुफ्ती व कारी मौलाना ईदरीश खान साहब छतरपुर, हाफिज व कारी हाजी खलील रजा खान साहब दमोह,

एक नजर में

शिवकुमार ताम्रकार को दी श्रद्धांजलि

नवभारत,दमोह। स्थानीय श्री शिव सांई मंदिर बेलाताल टापू पर श्री शिव साई सेवा भाव परिवार द्वारा संरक्षक स्वर्गीय शिवकुमार ताम्रकार मुन्ना भैया की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. मंदिर के महंत पंडित कमलेश्वर आनंद महाराज द्वारा उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया कि वह एक धार्मिक समाज सेवी व शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी थे. धर्म काज सदैव अग्रणी रहते थे.उनका संपूर्ण जीवन सहजता सफलता से व्यतीत हुआ. हंसमुख स्वभाव के धनी थे, असमय उनका जाना संपूर्ण शहर के लिए दुखदाई है.श्रद्धांजलि सभा में डॉक्टर आलोक गोस्वामी,पंडित कपिल दुबे, पंडित नरेंद्र दुबे, कपिल सोनी, राजू नामदेव,राकेश अग्रवाल,मोनू बाबा, पार्षद भूपेंद्र, मुकेश, अभिषेक, भोले, ईश्वरदास शर्मा, विवेक ललित, शिवम, केशव, उमेश सोनी, अजय रैकवार, भोले चौरसिया,अमित खरे, मिक्की चंदेल, मनु मिश्रा, मनीष तिवारी, संदीप नामदेव, अमित राय, आदि की उपस्थिति रही.

राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ की टीम ने कम्बल बाटे

नवभारत दमोह .कड़ाके की ठंड को देखते हुए मानव सेवा के उद्देश्य से राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ के सदस्यों द्वारा द्वारा देर रात शहर में विशेष राहत अभियान चलाया गया इस दौरान टीम के सदस्यों ने निराश्रित,बेसहारा व खुले आसमान के नीचे सड़क के बीच डिवाइडरों तथा फुटपाथों पर सो रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर ठंड से राहत पहुंचाई।

नुक्कड़ नाटक, स्वच्छ भारत व सलाद डेकोरेशन कार्यक्रम

नवभारत,दमोह. छत्रछाया पब्लिक स्कूल पुराना थाना दमोह में नुक्कड़ नाटक स्वच्छ भारत और सलाद डेकोरेशन से संबंधित प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया .विद्यालय के संचालक पदम कुमार जैन, आप्त अनुशीलन जैन अध्यापिका श्रीमती सरिता जैन नसरीन आयुशी कनुप्रिया दीक्षा इत्यादि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया. इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत उपयोगी रहे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरेंद्र जैन शक्ति अध्यक्ष आचार्य विद्यासागर गौशाला समिति एवं सौरभ जैन,अरिहंत नगर गौ सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशेष उपस्थिति रही व उन्होंने अपने उद्बोधन के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया व प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभागियों को मेडल प्रमाण पत्र शील्ड से पुरस्कृत किया.

चार माह से पेंशन नहीं मिलने से दिव्यांग पर आर्थिक संकट

कुम्हारी नवभारत 19 दिसंबर। शासन की योजना का लाभ जन जन को मिले इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास करती है, लेकिन अधिकारियों की मनमानी के चलते कई लोग इससे वंचित हो जाते हैं। जनपद पटेरा से जुड़ा ऐसा ही एक मामला सामने आया है।

बक्सरा निवासी धन सिंह आदिवासी के दोनों हाथ नहीं है। उसे दिव्यांग पेंशन मिलती थी, लेकिन विगत चार माह से पेंशन नहीं मिल रही है। धन सिंह ने बताया कि मध्यांचल बैंक में उसका खाता था। अब इसमें बदलाव हुआ है, जिससे खाते में पेंशन नहीं आ रही। करंट लगने के कारण उसने अपने दोनों हाथ गंवा दिए थे। पेंशन नहीं मिलने के कारण उसका परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है। एक दिव्यांग को चार माह से पेंशन नहीं मिलने का जिम्मेदार आखिर किसे माना जाए।

जबेरा पुलिस ने 20 घंटे में अपहृता को दस्तयाब किया

नवभारत, दमोह. थाना जबेरा पुलिस द्वारा 20 घंटे के अंदर अपहृता को दस्तयाब किया गया.घटना का संक्षिप्त दिनांक 17 दिसंबर 2025 को अपहृता के पिता ने थाना जबेरा में आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी लडकी उम्र करीब 15 वर्ष घर से स्कूल जाने की कहकर निकली थी, जो शाम तक घर वापस नहीं आयी स्कूल में पता करने पर स्कूल में नहीं आना बताया गया.जो अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के नाबालिक बच्ची को बहला फुसलाकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा भगा ले जाना बताया गया जो प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जबेरा में अप क्र 350/25 धारा 137(2) भा.न्या.सं. का पंजीबध्द कर तत्काल उपलब्ध जानकारी को सायबर सेल दमोह से साझा किया गया तथा ग्राम में मुखबिर लगाये गये.जो सायबर सेल दमोह तथा पुलिस मुखबिरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर अपहृता को जबलपुर से दस्तयाब किया गया.

नागोद को हराकर झांसी पहुंची फाइनल में

आज हरियाणा से होगा मेगा मुकाबला

नवभारत,बटियागढ़/दमोह. एम.एच.क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्वर्गीय गिरीश सोनकिया स्मृति अंतर्राज्यीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का अंतिम सेमीफाइनल मुकाबला नागोद और झांसी के मध्य खेला गया. मैच के मुख्य अतिथि करण सिंह सरपंच, अतुल राय (आबकारी ठेकेदार), कृष्णकुमार तिवारी, साधुराम चोरसिया व सतीश पटेल (ब्लॉक अध्यक्ष बटियागढ़) रहे.सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया, तत्पश्चात स्व. गिरीश सोनकिया के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. टॉस जीतकर नागोद टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया. निर्धारित 20 ओवर में नागोद की टीम 9 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी.मैच के दौरान शास्त्री पं. बिहारी कुडेरिया, आर.पी. पटेल, ईश्वर चोरसिया, शिवाजी पटेल, अंकित राजपूत, संजय चोरसिया सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे. अंपायर की भूमिका शाहिद अली खान एवं बिनीमेश जैन ने निभाई, जबकि कॉमेंट्री साधुराम चोरसिया और कृपाल ठाकुर द्वारा की गई.आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का मेगा फाइनल मुकाबला आज हरियाणा और झांसी (उ.प्र.) के बीच सुबह 12 बजे से खेला जाएगा, जिसे लेकर क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है.

पंचायत उप-निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र शस्त्र लाइसेंस निलंबित थानों में जमा होंगे हथियार

नवभारत,दमोह. राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल के निर्देशों के तहत पंचायतों के उपनिर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट व अनुज्ञापन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आयुध अधिनियम-1959 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं.-14655063W नायक (रि.) देवी सिह ठाकुर भारतीय सेना कि ई.एम.ई. कोर से सेवा निवृत्त हूँ। अभी वर्तमान में ग्राम आनू तह. व जिला दमोह (म.प्र.) में निवासरत हूँ। मेरे पुत्र मेरे सर्विस रिकार्ड में नाम रीतेश ठाकुर दर्ज है जो गलत है। मेरे पुत्र का सही नाम रीतेश सिंह ठाकुर है, जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड, अंकसूची में दर्ज है।
मेरे पुत्र को अब से रीतेश सिंह ठाकुर के नाम से जाना जावे, में रिकार्ड में नाम सुधार किया जाये।
गलत नाम
रीतेश ठाकुर
सही नाम
रीतेश सिंह ठाकुर

नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता प्रकाश बाबु कुशवाह उम्र 37वर्ष पिता श्री गोविन्द सिंह कुशवाह निवासी बार्ड नं.24 कृष्णापुरा VTC. गंज बासौदा तहसील गंज बासौदा जिला विदिशा म.प्र. शपथ पत्र में निम्नलिखित कथन करता हूँ कि :-
1. यह कि मैं उक्त पते पर स्थायी रूप से निवास करता हूँ एवं मेरा आधार कार्ड नं. 8295 0052 0036 एवं मेरा मोबाईल नं. 7566076055 है।
2. यह कि श्रीमान जी मेरा नाम प्रकाश कुशवाह उर्फ प्रकाश बाबु कुशवाह मेरे दोनों नाम चलते हैं। जबकि मेरा नाम आधार कार्ड 8295 0052 0036 में समग्र आई.डी. नं. 16145668 में एवं मेरे चुनाव परिचय पत्र नं.WHU2183382 में एवं मेरे समस्त पहचान दस्तावेजो में मेरा नाम प्रकाश बाबु कुशवाह दर्ज है जो कि सही व सत्य है। एवं मेरे आधार कार्ड के अनुसार ही मेरा नाम प्रकाश बाबु कुशवाहा माना जावे। अतः श्रीमान जी मेरे दोनों नाम प्रकाश कुशवाह एवं प्रकाश बाबु कुशवाह चलते हैं एवं मेरे दोनों मेरे स्वयं के हैं एवं मुझे दोनों नामो से जाना व पहचाना जाता हैं। मैं एक ही व्यक्ति है। इसलिए श्रीमान जी मेरा सही नाम मेरे आधार कार्ड अनुसार प्रकाश बाबु कुशवाह एवं अंग्रेजी में मेरा नाम PRAKASH BABU KUSHWAH माना जाए जो कि सत्य व सही हैं। एवं यही नाम मेर समस्त शासकीय दस्तावेजों में दर्ज हैं।
3. यह कि मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य व सही हैं इसमें कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया हैं यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाती है तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
शपथकर्ता

हादसे को आमंत्रण

टूटी पड़ी सड़क, वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी रात के समय होती है

पटेरा वार्ड क्रमांक 1 में जर्जर नाली बनी मुसीबत

नवभारत,पटेरा/दमोह. नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 1 में विकास के दावों की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है. यहां सुंदर साहू के घर के समीप स्थित मुख्य नाली पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल हो गया है. बताया जा रहा है कि इस नाली का निर्माण करीब 6 से 7 साल पहले कराया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में अब नाली के बीचों-बीच एक बड़ा और गहरा गड्ढा हो गया है.

हादसे का बना है डर

नाली के बीचों-बीच हुए इस गड्ढे ने वार्डवासियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है. स्थानीय निवासी सुंदर साहू का कहना है कि यह नाली पिछले डेढ़-दो महीने से अधिक समय से टूटी पड़ी है.सबसे अधिक परेशानी रात के समय होती है, जब अंधेरे में यह गड्ढा दिखाई नहीं देता. यहाँ कभी भी कोई बड़ा हादसा घटित हो सकता है.

आवाजाही में भारी परेशानी

नाली क्षतिग्रस्त होने और रास्ता संकरा होने के कारण चार पहिया वाहन चालकों को यहां से निकलने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है.अक्सर वाहन इस गड्ढे में फंस जाते हैं या पलटने का डर बना रहता है. मोहल्ले वासियों में नगर परिषद की इस अनदेखी को लेकर गहरा आक्रोश है.वार्ड वासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस नाली की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करेंगे. क्षेत्र की जनता ने प्रशासन से मांग की है कि किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार किए बिना इस नाली का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए.

इनका कहना है...
जब इस संबंध में नगर परिषद इंजीनियर नितिन सेनडे से बात की तो उन्होंने कहा मैं दिखवाता हूं.